उनके ऊपर भ्रष्टाचार का चार्जशीट लगा करके मुकदमा चलाना पड़ा । लबोलबाद यह है कि किसान को कुछ भी प्राप्त नहीं हो रहा है । किसान बुरी तरह से तबाह दिखाई दे रहा है । भारतीय जनता पार्टी ने किसानों के लदे हुए ऋण मुआफ करने के लिए आन्दोलन चलाया । जब देवी लाल जी का नाम आता है तो हमारे कृषि मंत्री जी नाराज हो जाते हैं इसलिए मैं बार-बार नाम नहीं लेना चाहता लेकिन सर्वेक्षण करने के उदाहरण एक नहीं लाखों किसानों के हैं । ऋण मिला 5 हजार और चुका अभी तक 7 हजार, दो बार जेल में ठूंसा गया और उसके ऊपर और 4 हजार का ऋण सभी प्रकार से बाकी है । देश में सर्वत्र अगर इस प्रकार की स्थिति व्याप्त है तो मुझे अब इसमें संदेह नहीं दिखाई दे रहा है बिहार में तो यह स्थिति निश्चित है । किसान ने जितना ऋण लिया और ऋण प्राप्त करने में जितनी उसको घूस देनी पड़ी वापस कितना किया और मूलधन से ज्यादा वापस करने के बाद भी जितना वापस किया, उससे ज्यादा उसके सिर के ऊपर ऋण लटका हुआ है । क्या इस स्थिति में कभी किसान कमर सीधी करके खड़ा होगा ? इसीलिए मैं कहता हूं कि आप सर्वेक्षण कराइये यह मेरा आग्रह है और चलिए बिहार से यह सर्वेक्षण शुरू करिए । किसान को जितना ऋण दिया गया, छोड़ दीजिए कि कितना घूस दिया गया पता नहीं लगेगा, लेकिन इसका सर्वे कराइये जितना ऋण उसको दिया गया उसमें से कितना वापस किया और उसके सिर के ऊपर कितना बाकी है । हिम्मत के साथ कुछ काम करिए, साहस के साथ काम करिए और कुछ क्रांतिशील कदम उठाइये । सबसुब में अगर 5 लाख गांवों के किसानों की कमर आप सीधी करना चाहते हैं तो एक बार हिम्मत करिए, अभी तक जो उसे ऋण मिला है वह उसे गलत ढंग से मिला है, जरायत में फंसाया गया है, षड्यंत्र में फंसाया गया है, इसलिए किसानों के ऊपर का पूरा का पूरा ऋण आप मुआफ करिए । महोदय, आपने बीमा योजना चालू करने की कई बार घोषणा की । अब दूरबीन से भी जाकर देखने के बाद कहीं धरती पर बीमा योजना का दर्शन नहीं हो रहा । किस गांव में कहां पर किसान को बीमा योजना के अंदर स्वीकार किया गया है और कहां उसको लाभ हो रहा है, उसका भी पता नहीं लगता । कुछ आगे बढ़े हुए प्रदेश है और शायद प्रदेश की गरमी में सरकार से घोषणा करवाई हो । छह महीने पहले आपने गुजरात के किसानों के लिए बीमा-योजना के अंतर्गत 254 करोड़ रुपये देने की घोषणा की । मैं आप से जानना चाहता हूं कि क्या किसानों का कोई शिष्ट-मंडल पिछले 4 नवम्बर को आप से मिला था और आपने कुछ आश्वासन दिया था ? उत्तर देते समय आप बताइए कि आपने क्या आश्वासन दिया और कितनी उसकी पूर्ति हुई ? यह छह महीने पहले जो 254 करोड़ बीमा योजना के अंतर्गत गुजरात को देने की घोषणा की थी, उसमें कितना रुपया दिया गया और उससे कितने किसान लाभान्वित हुए ।

महोदय किसान गांव छोड़कर आज-कल भाग रहा है । मैं फिर आपको बताऊंगा बोली हुई बातों को दोहराना नहीं चाहता आप एक सर्वे करवाइए । अगर पूरे भारतवर्ष का सर्वे आप नहीं करवा सकते तो कुछ प्रदेशों के कुछ जिलों का आप सैंपल सर्वे करवाइए । इससे पूरे देश का चित्र आपके सामने आ जाएगा कि पिछले दस साल के अन्दर कितने किसान गांव छोड़कर भाग गए, शहरों में कितने चले गए बाहर कितने चले गए ? किसान आज भी गांव छोड़-कर भागते चले जा रहा है । क्या वह मन से गांव छोड़कर भागना चाहते हैं ? क्या किसी को अपना घर प्यारा नहीं होता ? क्या यह अपना समाज अपनी बोली, अपना रहन-सहन अपना भोजन उनको रुचता नहीं ? कारण यह नहीं है, यह सब कुछ होता है । उसको अपनी धरती अपनी झोंपड़ी अपना घर अपने प्राणों से भी अधिक प्यारा है । तो वह छोड़कर भाग क्यों रहा हैं ? दिखाई तो यहां तक देता है . . . (**समय की घंटी**) . .

थोड़ा बोलने दीजिए बहुत ज्यादा नहीं बोलूंगा । दिखाई यह देता है सर्वे करने के बाद, मैं सीमांत और लघु किसानों की बात छोड़ रहा हूं, वह किसान जिसके पास 30 एकड़ की खेती है, 40 एकड़ की खेती है 45 एकड़ की खेती है, उसके घर के लड़के को अगर चतुर्थ वर्ग की भी नौकरी मिल जाती है तो वह समझता है कि उसे स्वर्ग प्राप्त हो गया । आज 40 एकड़, 45 एकड़, 50 एकड़ का किसान उस किसान का लड़का चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की नौकरी के लिए एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर लगातार चक्कर लगा रहा है । इस तरह किसान गांव छोड़कर भाग रहे हैं।

महोदय किसानों को कौनसी कीमत आप दे रहे हैं ? अभी तक आपको कोई ऐसी मशीनरी नहीं मिली स्वयं दरबारा सिंह जी ने कहा जिसमें से किसान की फसल का उचित मूल्य लग सके । उसके ऊपर लगा हुआ खर्च उसके सामान का खर्च डीजल-पेट्रोल आदि का खर्च मजदूरी खेती की कीमत आदि सबको जोड़कर किसान की फसल की कीमत अभी तक नहीं लगी है । सपोर्ट प्राइस देने की आप बात कर रहे हैं । सपोर्ट प्राइस क्या होती है, उसका क्या अर्थ है ? अगर भारत के किसानों को भारत की धरती पर जिन्दा रखना चाहते हैं तो लागत मूल्य तय करने के बाद उसमें और कुछ जोड़कर लाभकारी मूल्य किसानों को देना चाहिए और तभी भारत स्वयं आगे आकर खड़ा हो सकेगा । यह है किसका देश ? इसी सदन में एक प्रश्न पूछा था कि देश के अन्दर कितने गांव है और कितने शहर हैं आबादी गांव की कितनी है और शहर की कितनी है, भारत के राष्ट्रीय खजाने के अन्दर जो राष्ट्रीय-आय बन रही है, उसमें गांवों से कितनी आती है और शहरों से कितनी आती है ? इसके बाद अन्त में जब पूछा कि गांवों के लिए राष्ट्रीय आय का कितना खर्च हो रहा है और शहरों के लिए कितना हो रहा है? तीन तीन प्रकार की फिगर आप कहते हैं और जो चौथी फिगर आई वह तीनों के कंट्रास्थ में तीनों से बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है । अगर किसान उजड़ेंगे, लोग गांव छोड़-छोड़कर भागेंगे नहीं तो आखिर होने वाला क्या है ? देश के अन्दर पेप्सीकोला कारखाना भले ही बिछा दीजिए । बहु-राष्ट्रीय कंपनियों को अंधाधुंध धरते चले जाइए, हर गांव में कम्प्यूटर बैठा दीजिए, हर गांव के अंदर टलिविजन बैठा दीजिए, लेकिन याद रखिए इससे देश खड़ा नहीं होगा । देश के अंदर बगावत की एक आग सुलगती चली जा रही है । किसानों की चिन्ता कीजिए । 'चिंता' मैंने जानबूझकर कहा है क्योंकि हम में से किसी के भाषण की आवश्यकता नहीं है लेकिन दरबारा सिंह ने जो भाषण दिया है मंत्री महोदय उठकर कहेंगे कि हम उसको लागू करने जा रहे हैं । लेकिन भाषण से या उत्तर से काम नहीं चलेगा। आपको देश के दर्द को समझना चाहिए । मैं समझ रहा हूं कि आपके सामने एक कठिनाई है । न आपने बीमा योजना की व्यवस्था की । किसानों का अलग-अलग बीमा करवाया जाए और उसका किसान को लाभ मिले इसकी चिंता आज तक किसी राज्य सरकार ने नहीं की । केन्द्र सरकार ने भी उसका कोई हिसाब नहीं रखा कोई सर्वेक्षण नहीं कराया और जो थोड़ा-बहुत रुपया खर्च किया है उसके ऐसे गोलमाल आंकड़े दिए जाते है जिनका कि सिर से जमीन तक कोई संबंध नहीं आता है । मुझे एक पुरानी बात याद आ रही है । किसानों के आन्दोलन से जुड़े हुए एक ऋषि हुए हैं—स्वामी सहजानन्द सरस्वती जिन्होंने कि अपने दर्शन में कहा है कि यह देश तब खड़ा होगा जब देश की राजनीति किसानों के भरोसे चलेगी । लेकिन दुर्भाग्य यह है कि आज देश की राजनीति किसानों के भरोसे नहीं चल रही है । किसान तो उस समय याद आता है जब चुनाव आकर खड़े होते हैं । आज तो बहु-राष्ट्रीय कंपनियों, देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों, पूंजीपतियों की जेब का पैसा भारत की राजनीति को प्रभावित कर रहा है भारत के प्रशासन को प्रभावित कर रहा है । उसका दुष्परिणाम है कि भारत के किसानों की अस्मिता उसका स्वत्व, उसकी शक्ति, उसका आधार खड़ा नहीं किया जा रहा है । मंत्री महोदय आज लाख कठिनाइयां आपके सामने हों

[श्री कैलाश पति मिश्र]

लेकिन आप सावधान हो जाइए और जहां पर कि किसान पीड़ित हैं जहां कि फसल बिगड़ गयी, जहां पर पानी नहीं पहुंचा तो आप कोई ऐसी मशीनरी तय करिए कि केन्द्र से जाकर कोई जांच करे, कोई सर्वेक्षण करे । मंत्री महोदय, मैं आपको निमंत्रण दे रहा हूं कि बिहार के उन छः जिलों के किसानों की फसल देखें जोकि चौपट हो गयी है जहां बिहार की 22 लाख एकड़ जमीन सूखे की चपेट में आ गयी है और 70 फीसदी से ज्यादा फसल समाप्त हो गयी है । आप उसके कारण को छानबीन करें और उन किसानों की मदद करें ।

अंत में मैं यही कहना चाहता हूं कि अगर सचमुच में आप देश को ऊंचा उठाना चाहते हैं तो निस्संकोच आप घोषणाएं करिए—किसानों के ऋण माफ, किसानों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी। देश को इससे बहुत घाटा नहीं होगा। एक बार प्रेसाज को थोड़ीसी कमी हुई आप थाईलैंड दौड़ जाते हैं और 10 लाख टन चावल खरीदकर ले आते है । इस तरह सारे-का-सारा पैसा बाहर जा रहा है। तो अगर भारत के किसानों को मुफ्त पानी, बिजली मिल जाय, उनको गलत ढंग से दिये गए ऋण एक बार समाप्त हो जाए तो उससे एक नयी चेतना जागेगी, नया स्वाभिमान जागेगा और सचमुच में नए भारत का उदय होना प्रारम्भ हो जाएगा । मैं इतना ही कहकर अपनी बात समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

श्री शान्ति त्यागी (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मुझे प्रसन्नता है कि बहुत दिनों के बाद इस सदन में माननीय वीरेन्द्र वर्मा जी ने किसानों की कठिनाईयों और समस्याओं के बारे में बहस कराई है । मेरा विचार है कि संसद के इस सदन में और उस सदन में भी किसानों की समस्याओं के बारे में हमें ज्यादा विचार करना चाहिये, और जो समय देना चाहिये ।

आदरणीय मैं यह मानकर चलता हूं कि भारत अभी देहातों में आबाद है । मैं यह मानकर चलता हूं कि हमारे ग्रामीण जीवन और शहरी जीवन के बीच बहुत बड़ी असमानता पैदा हो गयी है । हमारे ग्रामीण जीवन में, किसानों के जीवन में, आधुनिक जीवन की किरणें अभी पहुंच नहीं पायी है । मैं आकड़े पेश नहीं करूंगा । आकड़े इकट्ठे करना, छपवाना, यह काम सरकार का है और वह यह काम खूब करती है और हम लोग जो क्वोट करते हैं वह भी सरकारी आंकड़े हैं, मैं उनकी ओर नहीं जाऊंगा । मैं माननीय मंत्री जी का अध्यक्ष जी आपके माध्यम से पांच बिन्दुओं की तरफ ध्यान आकर्षित करूंगा । नम्बर एक, किसानों की पैदावार के लाभकारी मूल्य की बात बहुत से माननीय सदस्य कह चुके हैं, मैं रिपीट नहीं कर रहा हूं, लेकिन जो बात नहीं कही गई वह 3–4 बातें हैं । नम्बर एक, किसानों को कृषि के लिये, पूरे देश की बात मैं कर रहा हूं, बिजली की नियमित, रग्युलर सप्लाई और उनको बिजली की ज्यादा सप्लाई – 10 घंटे की बजाय 14 घंटे हो, 12 घंटे हो, यह हो और यह कि बाढ़ से जो बार-बार बहुत से इलाकों में आती है, किसानों की खेती की बड़ी क्षति होती है । कुछ बड़े प्रोजेक्ट लेकर कुछ ऐसा इंतजाम करें कि बार-बार किसान का, खेती का नुकसान न हो । एक बात अभी अखबारों में छपी है, टिड्डी दल की बात कि टिड्डी दल का हमला भारत के ऊपर, होने वाला है । मुझे मालूम नहीं होगा या नहीं होगा । इसकी रोकथाम के लिये भी आप प्रोग्राम बनायें, अगरचे हमला किसी भी हिस्से में देश के होने वाला है । तो मैंने आपको टिड्डी दल की बात कही, लाभकारी मूल्य की बात कही, बिजली की सप्लाई की बात कही और बाढ़ की बात कही और एक बात मैं आपको कह दूं कि जो आपकी खेती की पैदावार में प्रयोग में आने वाले इन-पुटस हैं उनके मूल्यों के बारे में भी आप फिर से विचार करें । यह मैंने पांच बातें आपसे कही ।

हमारे कई माननीय सदस्यों ने, वर्मा जी तो खैर अपवाद हैं, यह कहा कि जैसे किसान के लिये कुछ हुआ ही नहीं आजादी के 40 बरसों में। मैं यह बात नहीं मानने वाला। मैं यह कहता हूं आपसे कि संयोग की बात है कि सबके आल इंडिया संगठन मौजूद हैं, किसान ही एक ऐसा वर्ग है जिसका कोई आल इंडिया संगठन नहीं है। कांग्रेस एक ऐसी जमात है जिसने आजादी के पहले भी और बाद में भी, सत्ता संभालने के बाद भी किसानों की समस्याओं पर विचार किया, कानून बनाये, उनको लागू किया, जमींदारी मिटाई, हदबन्दी की, चकबन्दी की, नहरें पहुंचाई, बिजली के खंभे भी गांव में पहुंचाये, नये बीज आये, खाद आई। कई हमारे माननीय सदस्य हैं, वह किसानों के रहनुमा भी हैं, वह बड़े अच्छे आदमी हैं, अपोजीशन के, वह आंख बंद करके कहते हैं कि देहातों में कोई जागरण नहीं हुआ है, न कोई मशीन पहुंची है, न पैदावार बढ़ी है, बल्कि किसान और गरीब हो गया है। यह कहने का प्रयास कर रहे हैं। यह तो हुई कृषि मंत्री जी मीठी मीठी बातें सरकार के लिये, अब कड़वी बात मैं कह रहा हूं आपसे, वह भी आप सुनिये। यह सब किया गया, जो मैंने अभी कहा और किसानों ने भी जी तोड़ मेहनत की है। इस काल में खेती की पैदावार में हमारा देश स्वावलम्बी बन गया। यह बड़े सौभाग्य की बात है और हम अपने हृदय को टटोलें कि आज से 20 साल पहले हम कहां खड़े हुये थे। एक भूखे मुल्क के समान, भीख मांगने का कटोरा लिये हुये हम खड़े थे और सड़ा हुआ अनाज वहां से आता था और देश को हम उसे खिलाते थे, वह दिन भी हमें याद है।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं सिर्फ मंत्री जी से एक सवाल पूछ सकता हूं कि आज गन्ने का, गेहूं का, कपास का, आलू का, दलहन का लाभकारी मूल्य किसान को हम दे रहे हैं? इसका वह उत्तर क्या देंगे, मुझे मालूम नहीं है। मेरा उत्तर है, जी नहीं। आज भी 4–5 जो मुख्य पदावार की चीजें हैं देश के किसानों की, उनका लाभकारी मूल्य किसानों को नहीं मिलता। यह कड़वी बात है, मैं चाहूंगा कि मंत्री जी इसका जवाब दें।

6.00 P.M.

अभी कहा गया है कि एक कमीशन बनाया गया है जो खेती की पैदावार में कितना खर्चा आता है और कितना उसका दाम होना चाहिये, यह तय करता है। यह कड़वी बात है। मेरा कहना है कि इस कमीशन में किसान की पैदावार और खेती का जो विज्ञान है या ज्ञान है, उसका खर्चा और मुसीबतों को जानने वाला एक भी आदमी नहीं है। वह दाम लगाता है। दिल्ली में बैठकर एयर कण्डीशन कमरों में आंकड़ों के ढेर और मोटी मोटी किताबें लेकर किसानों के गेहूं के दाम 183 और गन्ने का 28 रुपये तय करता है। आप इस पर विचार करें। अब देश में जागृति आ रही है। माननीय भजन लाल जी, आपकी मौजूदा सरकार भी किसानों की ताकत पर बैठी हुई है, आप उनके साथ न्याय कीजिये।

श्रीमान, मैंने अब से 20 साल पहले एक ट्रैक्टर जीटर 20 हार्सपावर का 13 हजार रुपये में खरीदा और आज उसका दाम 80 हजार रुपये हो गया है। एक टिलर मैंने 1200 रुपये में खरीदा उसका दाम आज 3 हजार रुपये हो गया है। मैं कह रहा हूं कि कृषि मंत्री जी आप मेहरबानी करके किसानों का कुछ तो ख्याल कीजिये। आप हमारे उत्तर प्रदेश के पड़ौसी भी हैं, देश के कृषि मंत्री भी हैं, आप इनका ख्याल कीजिये। इनके आशीर्वाद से और इनके आशीर्वाद से आप सत्ता में हैं। आप उनको बिजली दीजिये, आपका यह ऐग्रीकल्चरल कास्ट एण्ड प्राइसज कमीशन बकवास है। इसके बारे में आप विचार कीजिये कि वह क्या करता है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपसे फिर कहना चाहूंगा कि जो मैंने पांच बातें कही हैं उनका हल आप किसान की हैसियत से कीजिये और उसका उत्तर भी हमको दीजिये। धन्यवाद।

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : उपसभाध्य महोदय, पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि इसका ताल्लुक हमारे कृषि मंत्री जी से भी है और हमारे सदन के जो नेता हैं, श्री शिवशंकर जी, उनसे भी है हमारे देश के किसान आज बैचैन हो गये हैं और बेचैनी का जो लक्षण दिखाई दे रहा है, चारों तरफ वह हम लोग देख रहे हैं। उसको दोहराने की जरूरत नहीं है। बोट क्लब पर आपने भी उसको देखा होगा। एक जो खतरनाक बात उसमें हो रही है, वह यह है कि मान्यता प्राप्त पार्टियों के दायरे से वह बाहर जा रहे हैं और ऐसा पहली बार हो रहा है। यदि उनकी नजर में किसी भी मान्यता प्राप्त पार्टी की नीतियां सही नहीं हैं तो यह बड़ी खतरनाक बात होगी। प्रजातन्त्र में बिना पार्टी के चाहे वह आपकी पार्टी हो या इधर की हो, प्रजातन्त्र टिक नहीं सकता, उससे भी वे बाहर जा रहे हैं, तो यह लक्षण अच्छे नहीं हैं, देश के लिये।

दूसरी बात इसमें यह हो रही है कि जिस ढंग से कृषि क्रान्ति आप कर रहे हैं, उसमें वे या तो टैरोरिस्टों की तरफ जा रहे हैं और वहां आपकी भी सरकार खत्म हो रही है, जैसे पंजाब, आन्ध्र, हरियाणा, हमारी तो वहां सरकार है नहीं, हमारे आदमी वहां मारे जा रहे हैं।

एक बात यह भी हो रही है कि जहां पर वामपंथी सरकार नहीं है, वहां मजदूरों और गरीबों के बीच नक्सलवादियों की जय जय कार हो रही है। इस ट्रेंड से हमारी सरकार समझे कि कुछ बेसिक आउट-लुक में परिवर्तन करने की जरूरत है किसानों के बारे में। वीरेन्द्र वर्मा जी बहुत बार ध्यान आकर्षित करते रहे हैं और भजन लाल जी कृषि मंत्री हैं लेकिन पुराने तरीके से अब काम चलने वाला नहीं है।

प्रधान मंत्री जी ने भारत कृषि समाज में जो हैदराबाद में भाषण दिया उससे हमको लगा कि आपकी सरकार का समस्या पर ग्रिप नहीं है। गहराई में बातें नहीं गई हैं। इसलिए इन सारी चीजों पर विचार करें। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज खोलेंगे कुछ फूड प्रोसेसिंग इण्डस्ट्रीज खोलेंगे कुछ एग्रीकल्चरल इण्ड-स्ट्रीज के बारे में बातें कहीं। यह छोटी-छोटी बातें हैं। बाद में आपने इसी तरह से हरित-क्रान्ति का प्रोग्राम बना कर दिया। यह सफिशियन्ट नहीं है। इसीलिए कह रहा हूं कि इस पर गहराई से विचार करना चाहिए। हम उनके साथ हैं जो यह कहते हैं कि किसानों को लाभकर मूल्य दिया जाए। लेकिन दुनिया में लाभकर मूल्य किसानों को अमेरिका या कामन वेल्थ मार्किट ने दिया है। वे बहुत धनी देश हैं। उनके पास बहुत धन है। उन्होंने दिया इसके बहुत अच्छे परिणाम कृषि के उत्पादन पर पड़ रहे हैं। हम लोग ऐसा दे सकेंगे क्या ? हम समझते हैं हमारी सीमा है। लाभकारी मूल्य का अर्थ होता है किसानों की जमीन का मूल्य यह केपिटल के रूप में माना जाये और इस केपिटल पर मुनाफा दिया जाये। इसका मतलब होता है किसानों को मैनेजरशिप का खर्चा दिया जाये किसानों को रिस्क कवरेज दिया जाये सूखा पड़ने का या बाढ़ आदि के नुकसान का। मैं पूछना चाहता हूं कि जब इन सब चीजों के कारण कीमत बढ़ जायेगी तो आप इस बजट से भारत के इतने लोगों को जो गरीब हैं किसान लोग हैं जो गरीब है सस्ती दर पर आनाज दे सकेंगे ? हमको लग रहा है यह पूरा-पूरा संभव नहीं होगा। अभी टाइम नहीं आया है। पूरा लाभदायक मूल्य संभव नहीं जंचता लेकिन उचित समर्थन मूल्य आप क्यों नहीं देंगे ? इतना मैं कहना चाहता हूं कि हमारी तमाम गलत नीतियों के चलते हमारी सभी औद्योगिक चीजों के दाम बढ़ गये हैं। कोयला, इस्पात सीमेंट, बिजली, डीजल, पेट्रोल आदि सब चीजों के दाम बढ़ गये हैं और तेजी से बढ़ रहे हैं। मैं आप को आंकड़े दे सकता हूं। श्री एम भी आनन्दकर्णी जो ने जो कि इंस्टीटयूट आफ इकोनोमी एंड सोशल चेंज बंगलौर के प्रोफ-

सर हैं कहा है कि कृषि उत्पादन का दाम कृषि इनपुट्स के मुकाबले सालाना 1.3% कम सन 1970 से 1985 के बीच रहा है सिर्फ खाद, डीजल और कोटन शर्क के मुकाबले कृषि उत्पादन के दाम सालाना 3.4 प्रतिशत कम है बिजली या ऐसी दूसरी चीजों में वह कम यानि मात्र 0.37% ज्यादा है किसानों की चीजों के दाम कम और इन चीजों के दाम ज्यादा होते जा रहे हैं। दूसरे साइंस एंड टक्नोलोजी में तरक्की हुयी है। उसने सिंथेटिक का आविष्कार किया है। हम कह सकते हैं कि सिंथेटिक कपड़े हमारे यहां के सभी माननीय सदस्य घर में लाते होंगे। अभी दशहरे का पर्व आया था। उस अवसर पर अगर मजदूर घर में सूती कपड़ा लेकर आता है तो उसकी बीवी हड़ताल करती है कि ऐसा कपड़ा क्यों लाये हो यह लूती कपडा क्योंलाये हो जूट का भी यही हाल है। सिंथेटिक बोरे बनने शुरू हो गये हैं। उसने विषम स्थिति पैदा कर दी है जिस पर गंभीर ढंग से हमने विचार नहीं किया है मैं यह भी कहना चाहता हूं कि किसानों की अभिलाषा जगी है। उनका भी जीवनयापन में सुधार लाने के लिये हौसला बढ़ा है। वह सोचने लगे हैं कि हमको भी दूसरे लोगों के बराबर जीना चाहिये। इस लिये हम आप से कहेंगे कि आप ऐसी बातें सोचिये जिससे आमूल परिवर्तन हम इनके प्रति कर सकें तभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों है उनका भी किसानों के साथ संपर्क ज्यादा बढ़ सकता है

मेरा ख्याल है कि आप ओवरआल स्ट्रेटेजी ऐसी बनाइये जिसमें किसानों का कृषि उत्पादन का जो खर्चा है वह खर्चा उनको कम पड़े। वह कट-डाउन किया जाये उसको कास्ट आफ प्रोडक्शन्स की यानी इनपुट्स के दाम आप घटाइये। आप कट-डाउन कीजिये मिडिलमैन के प्राफिट को। इतना ज्यादा मिडिलमैन प्राफिट है कि हैरानी होती है। जिस इलाके से माननीय सदस्य कैलाशपति जी आते हैं उस इलाके से मैं एक बार गया था। वहां किसान साढ़े तीन रुपये किलो चावल बेचते हैं और उससे थोड़ी दूर पर पटना में वही चावल पांच रुपये किलो के हिसाब से बिकता है और दिल्ली में वह 7 रुपये बिकता है। मैं रांची के कुछ आदिवासी इलाकों में घूमा हूं वहां टमाटर के रेट डेढ़ या दो रुपये किलो के है और यहां पर आप खरीदते हैं 10-12 रुपये किलो। यह सारा हाल मिडिल मैन के प्रोफिट का है। इसको कट-डाउन किया जाये। आप कर सकते हैं या नहीं कर सकते हैं हम नहीं जानते। आप कैसे करेंगे हमें नहीं मालूम। लेकिन आप ऐसा करके उनकी मदद कीजिये। इसके विपरीत अगर किसी तरह से इंपुट्स बढ़ेगा तो हम ऐसी हड़ताल करेंगे कि आप को तबाह कर देंगे। यह अभी से कहे देता हूं।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि परमानेंट सोल्यूशन ड्राउट का बाढ़ का होना चाहिये सात योजनाओं और आजादी के चालीस साल बाद भी किसानों को असह्य बाढ़ और सूखे का सामना करना पड़ रहा है। इंश्योरेंस कवरेज तमाम लोगों के लिये हो खासकर जो गरीब किसान है, अत्यन्त दरिद्र अवस्था है, मारजिनल और स्माल पीजेंट्स हैं उनकी कवरेज का अलग से कोई इंतजाम कीजिये नहीं तो वही लोग मान्यता प्राप्त पार्टियों की सीमा से अलग जा कर हिंसात्मक कार्रवाहियों की तरफ जा रहे हैं।

एक और कर्जा माफी की बात कई माननीय सदस्यों ने उठायी है। हमारी पार्टी भी कहती है कि कर्जा माफ किया जाय। किसानों पर भारी कर्ज का बोझ है। बिहार के खेत-मजदूर गरीब मध्यमकिसानों का 97 प्रतिशत ऋण-ग्रस्त है जिसने सरकारी कर्जा लिया उसका तो कर्जा माफ कर दिया लेकिन बाकी लोगों का जो बहुमत में हैं क्या होगा? उनको क्या-क्या मिलेगा? दूसरी बात उन दलों से करना चाहता हूं कि सरकार का, कोआपरेटिव का कर्जा तो माफ हो जाय, लेकिन उनके मुंह से यह क्यों नहीं निकलता है कि प्राइवेट कर्जा भी माफ किया जाय और सरकार इसके लिये कानून बनाये? किस का इंटरेस्ट रेट ज्यादा है? कोआपरेटिव का इंटरेस्ट रेट ज्यादा है या प्राइवेट का ज्यादा है? कौन इन लोगों को दरिद्र बना रहा है? किसानों के बिगड़ने के कारण चारों तरफ भगदड़ मच गयी है। शासक दल ने कहा था कि यह पोपुलिस्ट नारा है कि किसान का कर्जा माफ किया जाय। लेकिन महाराष्ट्र ने आपने क्या किया? झक मार कर दो सौ करोड़ से ज्यादा माफ करना पड़ा। बैंकों के रेट में मैं नहीं जाना चाहता हूं लेकिन आप कम्पाउन्ड इंटरेस्ट क्यों चार्ज करते हैं? हर एक राज्य में महाजनी

[श्री चतुरानन मिश्र]

कानन है और उसमें प्रावधान है कि जितना कर्ज होगा उससे दुगुने से ज्यादा किसी को नहीं देना पड़ेगा। लेकिन फिर भी आप कम्पाउन्ड इंटरेस्ट लेते हैं। यह आपका कौन-सा तरीका है उनको सस्ते दरों पर कर्जा मिल सके, इसके लिये आप कुछ कीजिये। महाराष्ट्र सरकार ने किसानों को देय कर्ज दर सूना है छः प्रतिशत कर दिया है।

कई माननीय सदस्यों ने भ्रष्टाचार की चर्चा की है। जो एन्टी पावर्टी स्कीम है, इस बारे में प्रधान मंत्री ने खुद कहा और शायद श्री भजन लाल जी ने भी कहा है, हमने अखबारों में पढ़ा है कि 6 रु. में से 1 रु. ही मिलता है। यह 5 रु. किसको आप देते हैं? आप इस बारे में हमें बताइये कि आप क्या कर रहे हैं? राजनीति आप चलाते हैं, हम तो उससे दूर हैं। क्या आप इसका कोई इंतजाम कर सकते हैं? सभी पार्टियों से मिलकर कोई कांसेन्सस बनाइये।

जहां तक लैण्ड रिफार्म की बात है, अब इसकी कोई चर्चा नहीं करता है या उसके खिलाफ है। मैं इस सम्बन्ध में बिहार की चर्चा करना चाहता हूं। बिहार में 80 प्रतिशत जमीन बटाईदारी सिस्टम में आती है। फसल का 50 परसेंट से ज्यादा हिस्सा मालिक के पास चला जाता है। ऐसी स्थिति में किसान उस पर इंवस्टमेंट क्यों करे? नतीजा वही हो रहा है जो आप सुन रहे हैं। गवर्नमेंट आफ इंडिया के फूड और एग्रीकल्चर विभाग ने बिहार में एक स्टडी किया और पता लगा कि सन 1952 से 1964 के बीच में एनुअल रेट आफ ग्रोथ आफ एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन 2.97 था और वह घटकर 1970 से लेकर 1984 के बीच में .49 परसेंट हो गया है। यह ग्रोथ रेट घटा है। यह कर्नाटक में, मध्य प्रदेश में उड़ीसा में और राजस्थान में घटा है। यह अत्यन्त चिंता की बात है। आज हमारे किसान बड़े पैमान पर दरिद्र होते जा रहे हैं। गांव नियोजन, शिक्षा, बिजली, परिवहन, संचार आदि की न्यूनतम सुविधा नहीं रहने के कारण हर दस साल में आठ मिलियन पोपुलेशन भाग कर शहरों में आ रही है। आपको इसको रोकने के लिये कोई रास्ता निकालना होगा। अगर आप इसको नहीं रोकेंगे तो आप इस स्थिति को बाद में सम्भाल नहीं पायेंगे, यह बात मैं आपसे कहना चाहता हूं।

एक और खतरनाक चीज हो रही है और वह भी मेरे पहले प्रश्न से संबंधित है। एक सर्वे किया गया था जिसके मुताबिक 1971 में अगर 272 रु. का इनपुट्स का खर्चा किया जाता था तो एक हैक्टयर में 1250 रु. का अनाज पैदा होता था लेकिन 1984–85 में इनपुट्स का कास्ट 69 परसेंट बढ़ गया और जो किसान का आउटपुट्स है, जो उसकी उपज है, वह घटकर 43 हो गयी है। यह खतरनाक प्रवृत्ति है। हम फर्टिलाइजर्स का उपयोग साइंटिफिक ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। इसलिये इस सम्बन्ध में कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

एक और बात की ओर मैं ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। यह अत्यन्त ही गंभीर स्थिति है और इसका सिर्फ रेमुनरेटिव प्राइस का सवाल नहीं है, बल्कि टोटलिटी में इसको देखिये और जैसा मैंने कहा कि ओवर-आल स्ट्रेटजी जो हमने अभी तक रखी थी किसानों के लिये वह गलत साबित हुयी है, उसने उनको दरिद्र बनाया है और वे उनको बेगावत की तरफ ले जा रही है, मान्यता प्राप्त जो पार्टियां हैं, उनसे वे अलग जा रहे हैं और हिंसा की तरफ बढ़ रहे हैं। इसलिये सरकार को चाहिये कि जो नीति, मैंने 10 मुद्दे गिनाये हैं, उनके आधार पर या और भी बातें हो सकती हैं, इन पर गंभीरता से विचार करें। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो इस देश के प्रजातंत्र पर भी खतरा है, देश पर भी खतरा है। हम नहीं जानते हैं कि इसके क्या-क्या भयानक परिणाम हो सकते हैं। इसलिये सरकार इस ओर आवश्यक सुधार अविलम्ब करे इसकी गहराई में जाकर करे ताकि तमाम किसानों की उन्नति के लिये प्रोग्राम बन सके। धन्यवाद।

श्री राम चन्द्र विकल (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष जी मैं आपका आभार मानता हूं जो किसानों पर होने वाली बहस में आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया।

मैं सबसे पहले वीरेंद्र वर्मा जी का धन्यवाद करूंगा। वे समय-समय पर किसानों

के सवालों को यहां पर उठाते रहते हैं और इस चर्चा की भी शुरुआत शायद उन्होंने ही की। उन्होंने आंकड़े बहुत पेश किये होंगे मैं उनके बारे में जानता हूं। बहुत से आंकड़े देशमुख जी ने पेश किये। उनको मैंने सुना है। कुलकर्णी जी ने पेश किये और अभी जब मिश्रा जी बोल रहे थे तो उन्होंने भी आंकड़े पेश किये। मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता केवल उनका समर्थन ही इस समय ज्यादा अच्छा है।

मैं कुछ छोटी-छोटी बातें कृषि मंत्री जी से कहना चाहता हूं। अभी दरबारा सिंह जी ने भी कुछ सवाल पेश किये हैं। किसान ऐसा महसूस कर रहा है, और जो सत्य भी है कि उसके साथ बहुत भेद-भाव बरता जाता है। भेद एक बात में नहीं है, अनेक बातों में है। दरबारा सिंह जी सीलिंग की बात कह रहे थे और भी सदस्य कह रहे थे, मैं सीलिंग के हक में हूं, रहा हूं और आज भी हूं और चाहता हूं कि जो किसान चोरी से जमीन छिपाये हुये है सरकार कानून बनाकर उस जमीन का अधिग्रहण कर ले, मैं इस राय का हूं। लेकिन किसान की जमीन पर बढ़ता हुआ बोझ और उसका बढ़ता हुआ परिवार और सीलिंग, इसके चलते किसान की आर्थिक हालत अच्छी नहीं रही है। जो परिवार बढ़ रहे हैं उनमें जमीन का बंटवारा स्वतः ही हो रहा है, छोटे-छोटे जोतों में। उपसभाध्यक्ष जी, आप भी जानते होंगे गांवों के बारे में, बहुत छोटी-छोटी जोतें उनके पास रह गई है, सीलिंग के बाद और बढ़ते परिवारों के बाद। किसान जब इस बात को उठाते हैं तो वह अपनी जगह पर ठीक हैं। मैं कृषि मंत्री जी का ध्यान इस ओर दिलाऊंगा कि वे कहते हैं कि सीलिंग हमारी तो कर दी, लेकिन शहरी सम्पत्ति पर सीलिंग क्यों नहीं की गई है। दूसरी बात वे यह कहते हैं कि उद्योगों पर सीलिंग क्यों नहीं की जाती। एक उद्योग-पति कितने ही उद्योग खोलता चला जाय उसकी कोई सीमा नहीं है और शहरी संपत्ति कितनी ही बढ़ती चली जाये उसकी भी कोई सीमा नहीं है। किसान यह पजानना चाहता है। किसान का लड़का क्यों चपरासी हो रहा है? चपरासी की नौकरी के लिये वह क्यों घूमता है? क्योंकि चपरासी की हालत उनसे कहीं अच्छी है। मैं यह सिद्ध करने के लिये तैयार हूं अगर कोई गांवों में मेरे साथ चलना चाहे। आज से 10–20 साल पहले जब थे असेंबली का मेंबर था तो फर्रुखाबाद गया। मेरे गांव का एक लड़का फौज में भर्ती हो गया था सिपाही। मैंने देखा वह बेचारा बड़ा घास खोद रहा है। फौज के अफसर अपना काम दिखा रहे हैं। उस लड़के तु मुझे देख लिया। वह अफसर के आगे कुछ नहीं बोला। मैं आगे बढ़ा तो हमारे पड़ोसी गांव के एक किसान का लड़का वहां फौज में सुअरों को ज्वार का आटा खिला रहा था। आज भी ये हमारे गांवों में भंगी का काम, कलाता है। वे दोनों लड़के चुपके से अलग से मेरे पास आये और कहने लगे कि भाई साहब, गांव में मत कहना कि हम यहां घास खोद रहे थे या सुअरों को ज्वार का आटा खिला रहे थे। तो मेरा कहना यह है कि गांव के लड़के, चाहे वह किसान का लड़का हो या मजदूर का लड़का हो वह आज दुखी है वह आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रहा है। जो दफ्तर का चपरासी है और बैंक के चपरासियों की तनख्वाह, मैं जानता हूं, बहुत है। किसान की आर्थिक हालत चपरासियों से भी बदतर है। आज गांव का किसान शहरी सम्पत्ति की सीमा से मुकाबला करता है, सरकारी नौकरियों में मुकाबला करता है, उद्योगों से मुकाबला करता है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कृषि मंत्री जी से कहना चाहूंगा और वे जानते है, वे पर्यावरण मंत्री भी रहे हैं, आज अखबारों में छपा है कि दिल्ली में कितनी ही अवैध इंडस्ट्रीज हैं, कोई लाइसेंस नहीं है, जमीन कहां से पाई, कहां से कोटा पाया चल रहा है, तो नम्बर 2 से यह सब काम हो रहा है।

जो मेहनत करता है, किसान और मजदूर तो एक गाड़ी के दो पहिये हैं मैं ऐसा मानता हूं। किसान और मजदूर आज जो मेहनत करता है उसको साधन भी नहीं है और सम्मान

[श्री राम चन्द्र विकल]

भी नहीं है । साधन और सम्मान मेहनतकश को अगर आप देंगे कृषि मंत्री जी तो देश का आर्थिक विकास होता चला जाएगा । जितना सत्ता और सम्पत्ति को सम्मान और साधन मिला है अगर यह साधन और सम्मान श्रम और सेवा को दे दो तो आर्थिक क्रान्ति आ जाएगी इस देश में विषमताएं मिटती चली जाएगी । सम्मान का भी आदमी भूखा है और साधन का भी आदमी भूखा होता है । साधन और सम्मान ऐसे लोगों को मिल जाते हैं जो मैं कहना नहीं चाहता हिकमत अमली कह सकता हूं या एक चौपाई हम बचपन में कहा करते थे, खेती करे न बंज को जाए, बुद्धि के बल बैठे खाए, मतलब यह है कि न तो खेती करें और न कोई व्यापार करें और बुद्धि के बल पर बैठ कर खा रहा है । वह श्रम का शोषण कर रहा है मजदूर और किसान का भी । इन बुद्धिवादियों से देश को बचा सको तो कोशिश करो । बहुत से खतरे हैं जिन के बारे में वर्मा जी ने बताया, त्यागी जी ने बताया, दरबारा सिंह जी ने भी बताया और मिश्र जी ने भी बताया और उन खतरों से हमें सावधान होने के लिए कहा । मैं यह कहता हूं कि मेहनतकश को जिधर साधन और सम्मान मिलता है उधर देश चला जाता है । किसान की इज्जत होनी चाहिये । किसान आज यह पूछना चाहता है कि मेरा गन्ना ही उधार क्यों लिया जाता है । किसी पनवाड़ी से पान तो उधार ला कर दिखाओ, किसी चाय वाले से होटल वाले से उधार ला कर दिखाओ वह तो पेशगी मांगता है लेकिन किसान का गन्ना उधार लिया जाता है और फिर उस पर सूद भी नहीं दिया जाता है । मैं य० पी० और बिहार के बारे में जानता हूं कृषि मंत्री जी हरियाणा के बारे में जानते होंगे । फैक्टरियों को यह आदेश है कि सूद दिया जाएगा लेकिन अभी तक सूद नहीं मिल रहा है । सूद कहां मिल रहा है ? फिर किसान की जमीन के बारे में मैं कहना चाहता हूं । मेरा तो ए. आई० सी० सी० में साठे जी से झगड़ा हो गया जब मैं आर्थिक प्रस्ताव पर बोल रहा था तो मैंने उस में एक संशोधन रखा कि बिना मुआवजा दिये किसान की जमीन न ली जाए । साठे जी को पता नहीं कहां से ज्ञान था उन्होंने कहा कि बिना मुआवजे के किसान की जमीन नहीं ली जाती है । मैंने कहा आप मेरे साथ गाजियाबाद, नोएडा और हरियाणा में कहीं भी चलो । किसान की जमीन एक्वाअर हो जाती है किसान को पता ही नहीं पड़ता है कब एक्वाअर हो गई, कब दफा चार आ गई और कब दफा छः आ गई, एक दम छापा मार कर कब्जा कर लेते हैं और मुआवजे के लिए दसियों साल वह तड़पता रहता है लेकिन मुआवजा नहीं मिलता है और न ही उस पर कोई सूद मिलता है । क्या यह किसी और के साथ हो सकता है ? इस विभक्तता से आज किसान में कोलाइट और परेशानी है । उसकी जमीन बिना मुआवजा दिये क्यों ली जाती है । (**व्यवधान**) मैं यह कहना चाहता हूं कि इस विभेद की बात को किसान मिटवाना चाहते हैं कि यह विभेद हमारे साथ नहीं होना चाहिये । किसान से जमीन लेते हैं उस जमीन की क्या कीमत हो जाती है कुछ अन्दाजा नहीं लगता है । या फिर यह जो हमारे अधिकारी बैठ गये हैं दुर्भाग्य से वे नौकरियां भी कर रहे हैं और व्यापार भी कर रहे हैं । जमीन के मामले में तो अधिकारियों ने परकाष्ठा कर दी है चाहे जिसको रियायत दे दें, जमीन चाहे जिसे खैरातखाने में दे दें चाहे किसी मजदूर किसान को परेशान कर लें । किसान, मजदूर और गरीब लोगों के साथ यह विभेद हो रहा है । कृषि मूल्य आयोग जरूर बना है ठीक बात है लेकिन कृषि के लागत मूल्य का सही आंकलन अभी तक नहीं हो सका है । ऐसा मैं मानता हूं, देश का किसान भी मानता है और कृषि मंत्री जी आप इसको अच्छी तरह से

जांचे । मैं जानता हूं आपको थोड़ी लगन भी है आप प्रयत्नशील भी हैं आप समय-समय पर जाते भी हैं वैज्ञानिकों से भी मिलते हैं कि विज्ञान गांवों तक जाए । आपके बारे में रेडियो से सुनता रहता हूं अखबारों में पढ़ता रहता हूं और आपको व्यक्तिगत रूप से भी जानता हूं लेकिन इन प्रयत्नों से अभी कुछ नहीं होगा अभी इससे सौ गुना और प्रयत्न बढ़ाने चाहियें । कृषि उत्पादन का उचित मूल्य किसानों को नहीं मिलता है । मैंने एक बात कही थी आपने जवाब दिया था । मैं उपभोक्ता के हक में हूं । यह राज्यों की सीमाएं हैं आपने यह कहा कि कोई पाबन्दी नहीं है लेकिन मेरी जानकारी के अनुसार राज्यों में पाबन्दी है चाहे वह राज्य सरकारों ने लगाई हुई हो ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) पीठासीन हुए]

यहां तक है कि जिलों की सीमाओं पर भी पुलिस बैठ गई चौकसी करने के लिए और एक जिले का माल दूसरे जिले में नहीं जा सकता है ।उत्पादक को पैसा नहीं मिलता है और उपभोक्ता को चीजें सस्ती नहीं मिलती हैं । दोनों मारे जा रहे हैं । अर्थ शास्त्री और अधिकारी पता नहीं क्या घुट्टी पिलाते हैं कि सब मजबूर हैं । राज्यों की सीमाएं देश की एकता के लिए खतरा है मैं तो यूनीवर्सिटीज की भी आलोचना करता हूं नाम तो विश्वविद्यालय रख दिया गया है और राज्यों से बाहर का स्टूडेंट दाखिल नहीं करते हैं । राज्यों की सीमाएं अभी भी जारी हैं दूसरे राज्यों से सामान आने जाने में राजस्थान में हमारे यू० पी० का गुड़ जाने दो फिर देखो गुड़ का कितना अच्छा भाव मिलता है । भाव अच्छा मिलेगा । राजस्थान के लोगों को गुजरात के लोगों को गुड़ सस्ता मिल सकता है । ये जो ब्लैक मार्केटियर्स हैं या अधिकारी भी, ये ऐसे कानून बनाते हैं जिससे उनकी भी निकासी हो । तो पैदा करने वाले के मुकाबले में जगह और शक्ल बदलने वाले का या अवैध कानून बनाकर मजबूर करके मजबूरी से मुनाफा कमाने वाले का मुनाफा कहीं ज्यादा है मेहनतकश किसान और मजदूर से । अधिकारी भी ब्लैक मारकेट में शरीक हो जाते हैं । उनकी इजाजत से ही सामान बाहर आता है । ऐसी करप्शन की चीजों पर आप कुठाराघात करें और इन चीजों को रोकें ।

दूसरा मैं कृषि वैज्ञानिकों के बारे में कहना चाहता था । यह सही है कि आपका प्रयत्न है, मगर कृषि वैज्ञानिकों का ज्ञान अभी खेतों तक नहीं जा रहा है, वह लाइब्रेरी में है । रिसर्च करते हैं लेकिन वह किताब में बंद होकर लाइब्रेरी में बंद हो जाती है । इस विज्ञान को कुछ आगे बढ़ाइये । कुछ कदम बढ़े हैं इसमें कोई दो राय नहीं है लेकिन जितना विज्ञान किसानों तक पहुचाना चाहिए उतना नहीं पहुंचा है । अब किसान इसको ग्रहण करने के लिए तैयार हो गया है । आज उसकी जिज्ञासा बढ़ गयी है । वह चाहे मजबूर हो चाहे कुछ हो लेकिन वह कृषि विज्ञान जानना चाहता है । इसलिये इसको आप गांवों तक पहुंच इये । कृषि यूनिवर्सिटियों में आप किसानों को आने का मौका दीजिये कृषि मेले साल में एक दो तो लगने लगे हैं । पर खाली एक दो कृषि मेलों से काम नहीं चलता । किसानों को जोड़ दो कृषि यूनिवर्सिटियों से, कृषि कालेजों से और कृषि के जहां जहां भी क्षेत्र बने हैं वहां किसान आये जायें । साथ ही किसान ही आये, ऐसी बात न हो, वैज्ञानिक भी, किसानों के घर जाना सीखें । यह तजुर्बा मैंने खुद किया था कानपुर के कालेज में जब मैं कृषि मंत्री था । गांवों में जाने में शुरू में जरा अफसरों को हिचक हुई लेकिन जैसे ही जाना शुरू किया और जिस गांव में वैज्ञानिक गये तो वहां किसानों की मक्के की, गन्ने की और दूसरी फसलें अच्छी होने लगीं । इसी तरह से वैज्ञानिक सारे देश में इनको फैलायें । मैं कृषि विज्ञान को फैलाने के हक में हूं ।

[श्री रामचन्द्र विकल]

दूसरा मैं कहना चाहता हूं कि डाइरेक्ट और इनडाइरेक्ट टैक्स किसानों पर सबसे ज्यादा है । इसके आंकड़े आप निकालें । इनडाइरेक्ट टैक्स भी किसान देते हैं और डाइरेक्ट टैक्स भी देते हैं । सब्सिडी सहायता जो वह उद्योगपति, कारखाने वालों को ज्यादा मिल जाती है । किसान को यह सीधी दें और सीधा देने का तरीका एक ही है कि जमीन का कर कम करदो, बिजली की दरें कम कर दो, उसको जो कर्जा देते हैं उसका ब्याज कम कर दो। सीधी किसान की मदद करो जिसके लिए प्रधान मंत्री भी चिंतित है कि नीचे तक नहीं पहुंचती है । यह बात सच है । भजन लाल जी का भी बयान आता है कि नहीं पहुंचता है । तो सीधा पहुंचाने के बहुत से तरीके हैं अगर आप करना चाहें। किसान को सीधी मदद करो बिजली की दरों में लगान की दरों में.....

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव); लगान कहां रह गया है ।

श्री राम चन्द्र विकल : अभी लगान है । सब 6 एकड़ पर तो यू० पी० में कितनी बार लड़-लड़कर माफ करवाया था.... (व्यवधान) फिर लग गया है । किसान पर लगान है और अभी जिन राज्यों में नहीं है तो मुझे उसके आंकड़े कृषि मंत्री जी बता दें । मेरी जानकारी है कि छोटे किसानों पर अभी लगान है । यह मेरी जानकारी है ।

अतः इन चीजों पर सीधे किसान को मदद करो । किसान देशभक्त भी है और देश को पैदावार भी देना चाहता है, जवान भी किसान देता है और अन्न भी किसान देता है ।

मैं एक बात और कह देना चाहता हूं । आप भी जल्दी में है और मैं भी जल्दी में हूं और कृषि मंत्री जी तो शायद आज नहीं बोलेंगे, कल बोलेंगे.... (व्यवधान) लोक सभा में इन्हें भेज दीजिए, आप यहां बोल दीजिए यह तो बंटवारा हो सकता है.. (**व्यवधान**)

मैं यह कह रहा था कि किसानों की कठिनाइयां, समस्याएं हैं उनको जरा पक्षपात-पूर्ण ढंग से नहीं देखना चाहिए । किसान को यह शिकायत है कि मेरे बारे में इतनी चिंता नहीं है जितनी होनी चाहिए और उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं कि खासकर किसान के अन्न को खाकर सारे देश की आंखें खुलती हैं और सारे देश की ही नहीं बल्कि सारी दुनिया की आंखें खुलती हैं अतः उनकी तरह हमारे अखबार वालों को, सरकारी अधिकारियों को व्यापारियों को और राजनीतिज्ञों को भी आंखें खोलकर देखना चाहिए, यह मैं स्पष्ट बोलना चाहता हूं । जितना उसके अन्न को खाकर लोगों की आंखें खुलती हैं उतना उनकी तरफ आंखें खोलकर नहीं देखा जाता है । यह दिक्कत क्यों है ? यह नोट ऐसा पैदा हो गया कि डाइरेक्ट किसानों से संबंध नहीं होने देता है । काश डाइरेक्ट सौदेबाजी होती, किसान की सब चीजों को खुद लाकर दिया जाता । कभी-कभी पुराने वक्त में गांवों में होता था, अब तो यह नोट चल गया है और मेरे बस का तो नोट बंद करना है नहीं । जब अनाज के बदले में कुछ सामान लिया जाता था और दिया जाता था । डाइरेक्ट किसान से संबंध नहीं रहा इन लोगों का जिनकी मैंने चर्चा की इनका डाइरेक्ट संबंध हो जाए, नहीं तो यह समझें कि उनकी समस्या पर उतनी ही चिंता करें जितनी किसान अपने बारे में चिंता करता है । यह सारे वैसे ही चिंता करें ।

मैं फिर आपका आभार मानता हूं और चाहूंगा कि इन सवालों पर अब गवर्नमेंट को भी चिन्ता करनी चाहिए । कुछ चीजें राज्य सरकारों से संबंधित हैं । तो केन्द्र सरकार हमारी है, राज्य सरकारों को आदेश दे सकती हैं, ऐसे कानून बनवा सकती हैं जिससे राज्य और केन्द्र सरकारें मिल कर इस देश की आर्थिक व्यवस्था को किसान और मजदूरों को प्रोत्साहन देकर साधन और सम्मान देकर के अधिक

बढ़ा सकती है, जिसका लौट कर फल सब को होगा जो आज नजर नहीं आता है।

मैं फिर आपका आभार मानता हूं। धन्यवाद।

DR. (SHRIMATI) SAROJINI MAHISHI (Karnataka): Sir, I thank you very much for giving me time. But I hope at the same time you would be considerate also.

Mr. Vice-Chairman, Sir, I would like to say that Newton's law Of motion holds good in the case of Government also. It continues to lie in a state of inertia unless some external pressure is applied to it-And that also moves in that direction with that velocity depending upon the external force. Tne Government ought to have taken into consideration the problems of th; farmers long back. But, then of course, instead of making any progress in that direction we have seen that the absence of progress is there; on the contrary, there has been some deterioration also in the agricultural produce.

In our country top 10 per cent Of the people possess more than 50 per cent of the cultivable land and 25 per cent of the people possess almost all the cultivable land, leaving aside small holders. The surplus land that has been distributed among the so called landless people and the landless labourers is to the tune of 2 acres or 3 acres, at the most 5 acres—not even 5 acres. How can a landless cultivator make use of that particular land when 'he is required to pay a rent of Rs. 35 for a pair of bullocks which have to work from 10 in the morning to 4 o'clock in the evening, and go away? It is very difficult for him to work in an economical way. There-fore, under the circumstances the Government has *to* consider this because the income of the Government accrues from two sources, namely, the agricultural sector and the corporate sector. But the Government is caring more for the corporate sector than for agriculture which is the main occupation of the people of our country. Our outlook is that people who have not got other qualifications take up or resort to agriculture. Even parents in a family consider their son who has got academic qualifications to be superior to the other son who has not got academic qualifications. Since he has not got academic qualifications he has got to go to agriculture and, therefore, he cannot go to a city and seek a job there. This outlook has got to be changed right from the top to the bottom. Agriculture has got to be considered as one of the industries, and main industry also, and all the encouragement and incentives have got to be given to agriculture. Agrir culture which was being resorted to in a very old fashion now has got changed. We are using chemical fertilizers and we are persuading the farmers to use cheipipal fertilizers. What is a chemical fertilizer? NPK, I nitrogen, potash and phosphate— 17-17-17 or 17-19-17 or 20; rest of 50 per cent or 49 per cent is all mud. So that the manufacturers should not misuse the same it has been made into granular formulation now. But in spite of all these things, the cost of nitrogenous fertilizers, the ingredient, has gone up so high that it is difficult for the farmers to use it. Moreover. The wrong notion of scientific approach to agricultural problems is that NPK will not add to the bulk of the grain but it will add only to the strength of the stalk and the leave and it is only the phosphatic fertilizers, mono ammonium phosphate, phosphate and di-ammonium phosphate which added to the bulk of the grain. And only three houses in this country produce that ammonium phosphate and di-ammo-nium phosphate, which of course are given the subsidy. It is not the farmer who is given the subsidy. It is the manufacturer who is given the subsidy so that he can reduce the cost. In our country we import nitrogenous fertilisers because our capacity of fertilisers, whether this corporation and that corporation, has not been used fully. There is idle capacity lying and we import. The import is the tune of 1200 crores of rupees per year which is again only NPK. In our country, we use mud to

[Dr. (Shrimati) Sarojini Mahishi]

add to that. In America, they use lime as inert material. This lime is very harmful to our soil because it is alkaline soil and theirs is acidic soil. We have got to understand this thing also. Moreover, we want to reduce the price of imported fertiliser and also reduce our price. Therefore, we have formed an equation. Imported fertiliser plus tax or cess equal to indigenous fertiliser minus subsidy. I shall repeat the equation for the information of the. hon. Minister. Imported fertiliser plus tax or cess equal to indigenous fertiliser minus subsidy. How long can the Government run on these things. Many things are being imported and this fertiliser is one amongst them. The farmer has discarded this green manure in many places. There is no irrigation. Of course, these chemicals have done a lot of harm also.

I am extremely sorry that the investment that is being made per square foot of irrigation in the darm is not sound investment and even the interest thereon is not being recovered by the agricultural produce because the agriculturist or the farmer is not in a position to make that payment after using that water I do not remember that in Nasik there was an agitation organisied for the price of onions. In Nipani, there was an agitation in 1981-82 for the price of tobacco. In Nargunda in Karnataka, there was an agitation by the farmers for the betterment levy which was charged even when the farmers did not get water. Therefore, the farmers have become cautious in this matter and the Government should also become very cautious in these matters.

In the big dams, the major dams, medium dams and small dams, one-third of the water goes away by seepage in the canal because the canals have not got polythene paper and above that RCC also. Therefore, one-third of the water goes away by seepage. One-third goes away by waterlogging and only one-third of water is being utilised. As long as we do not do the maximum utilisation of the minim-urn quantity of water, our irrigation will not serve its purpose. Our engineers who are employed there are only civil engineers. They are not engineers who are well-versed in the utilisation and management of water resources. Now, small centres have been opened here and there for the utilisation of water and sprinkler irrigation and even drip irrigation is there. We can go ahead and make use of the rninimum quantity of water in a maximum way. The cost ingredient has gone up so much. What else can the farmer do? The farmer wants a leader. I do not want to name the leader. AH such leaders are available and they would again like to exploit these farmers in their own way. Therefore, the farmer is there to be exploited consistently either by the Government or by leaders or by other people. Therefore, the Government should see that these things do not happen. The Government should give a satisfactory remunerative price to the farmers who try to grow so much out of this land.

